# M. A. (Final) Examination, 2019
# GEOGRAPHY
## Paper I : Climatology & Oceanography M.M. : 100

**नोट**—खण्ड 'अ' (बहुविकल्पीय प्रश्न) से **सभी** प्रश्नों के, खण्ड 'ब' (लघु उत्तरीय प्रश्न) से **पाँच** प्रश्नों के तथा खण्ड 'स' (दीर्घ/विस्तृत उत्तरीय प्रश्न) से **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

### खण्ड—'अ' $2 \times 10 = 20$

**1.** 'An Introduction to climate' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(अ) ट्रिवार्था (ब) स्ट्रालर (स) क्रिचफील्ड (द) केन्ड्रियू।

**2.** वायुमण्डल की सबसे अधिक गर्म परत कौन-सी है?
(अ) परिवर्तन मण्डल (ब) आयन मण्डल
(स) समताप मण्डल (द) ओजोन मण्डल।

**3.** निम्नलिखित में से कौन एक ठण्डी पवन नहीं है?
(अ) बोरा (ब) चिनूक (स) मिस्ट्रल (द) ब्लिजार्ड।

**4.** किस जलवायु प्रदेश में वर्षपर्यन्त वर्षा होती है?
(अ) भूमध्यसागरीय (ब) विषुवत्रेखीय
(स) मानसूनी (द) प. यूरोपीय तुल्य।

**5.** चक्रवात उत्पत्ति का गतिक सिद्धान्त किसने प्रस्तुत किया?
(अ) लैम्पर्ट एवं शॉ (ब) बर्कनीज-पिता और पुत्र
(स) फिट्जराय (द) क्रिचफील्ड।

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व समुद्री जल में बहुतायत से पाया जाता है?
(अ) सोडियम सल्फेट ($Na_2SO_4$) (ब) सोडियम क्लोराइड (NaCl)
(स) कैल्शियम क्लोराइड ($CaCl_2$) (द) पोटेशियम क्लोराइड (KCl)।

**7.** सुशिमा धारा किस सागर में प्रवाहित होती है?
(अ) अरब सागर (ब) जापान सागर (स) पीत सागर (द) भूमध्य सागर।

**8.** ज्वार-भाटा के स्थिर तरंग सिद्धान्त को किसने प्रतिपादित किया?
(अ) हैरिस (ब) वेवेल (स) हैन्सेन (द) प्राउडमैन।

**9.** मेरियाना ट्रेन्च (खाई) किस महासागर में स्थित है?
(अ) प्रशान्त महासागर (ब) अन्ध महासागर
(स) हिन्द महासागर (द) आर्कटिक महासागर।

10. प्रवाल भित्तियों के अवतलन सिद्धान्त का प्रतिपादन कौन है?

(अ) मरे (ब) डैली (स) डार्विन (द) अगासीज।

## खण्ड—'ब' $4 \times 5 = 20$

1. वायुमण्डल की संरचना पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
2. हरित गृह प्रभाव से आप क्या समझते हैं? समझाइए।
3. उष्ण कटिबन्धीय चक्रवात पर एक व्याख्यात्मक टिप्पणी लिखिए।
4. प्लेट विवर्तनिकी क्या है? स्पष्ट कीजिए।
5. कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के गुण एवं दोषों को संक्षेप में लिखिए।
6. वायु राशि क्या है? इसकी प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
7. पृथ्वी पर वायुदाब पेटियों के वितरण की व्याख्या कीजिए।
8. अन्ध महासागर की तलहटी के उच्चावच की व्याख्या कीजिए।
9. प्रवाल भित्तियों के प्रकार बताइए।
10. समुद्र के खाद्य संसाधनों पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

## खण्ड—'स' $3 \times 20 = 60$

1. वर्षा की उत्पत्ति किस प्रकार होती है? इसके विविध प्रकारों तथा पृथ्वी पर कटिबन्धीय वितरण का वर्णन कीजिए।

2. एल नीनो दक्षिणी दोलन से आप क्या समझते हैं? भारतीय मानसून पर इसके प्रभाव की विवेचना कीजिए।

3. थार्नवेट के विश्व-जलवायु के वर्गीकरण के आधार एवं प्रणाली का वर्णन कीजिए।

4. समुद्र विज्ञान को परिभाषित कीजिए। इसकी प्रकृति एवं विषय-क्षेत्र की विवेचना कीजिए।

5. महासागरीय विक्षेपों का सविस्तार वर्णन कीजिए।